THE BOOK WAS DRENCHED

DAMAGE BOOK

HINDI GRAMMAR.

IN

HINDI AND ENGLISH

IN WHICH IS TREATED

THE BRAJ DIALECT WITH ILLUSTRATIONS FROM

THE RÂJNÎTI ETC.

BY

ÂRYÂ

AUTHOR OF

" Shakespear's 'Merchant of Venice'

INTO HINDI PROSE"

AND BY

THE AUTHOR OF PANINIYA TATYADARPAN

BENARES

AMAR PRESS

PREFACE.

Throughout the composition of the following work especial attention has been given to the requirements of those that are studying the Hindî language which is the living Aryan speech of more than a fourth of the inhabitants of India.

Owing to the frequent recitations held for the benefit of Hindus its literature is more widely diffused than is supposed ; and it is not uncommon for an illiterate peasant to be familiar with passages out of the Râmâyan.

The Hindî language with its various dialects is not directly derived from the Sañskrit but has grown out of the Prâkrit, a corruption of the latter. Neverthless, its structure and frame-work is to a great extent based upon the mother-tongue from which we have accepted only such of its grammatical rules as are necessary for a derived and mutilated language.

Regarding this edition of the Hindî Grammar, intended both for beginners and advanced scholars, we may be allowed to briefly state the following particulars.

English is now invariably taught in all schools ; in fact, in some Colleges so greatly is it encouraged that besides the study of English literature even that of the Sanskrit is explained by English, in preference to the Vernacular. Partly owing to this but, chiefly, that the present book may prove useful to European scholars as well we have composed the Hindî Grammar in both Hindî and English, leaving it to the option of the master or student to peruse whichever he pleases.

Considering the Prayatnas superfluous we have omitted them in the Tabular Classification of Vowels and Consonants. Although, much has been written on the subject in most of the Hindî Grammars ; yet with the exception of Vâk + Hari, a purely Sanskrit word, there is not another instance to be found.

In an elaborate language like the Sanskrit, where every letter is arranged according to logical harmony the Prayatnas are consequential and play an important part ; but, in Hindî they are useless.

The Noun has been divided into three general classes—the Primitive, the Derivative and the Derivative Conventional. The Common Nouns, Proper Nouns and Adjectives do not belong to a separate class of substantives but are included within this classification.

The Conjugation of three Verbs, differing from one another, has been methodically arranged. The corresponding agreement between Sanskrit and Hindî Verbs has been shown in a couple of examples, and that as in Sanskrit so also the Verbs in Hindî are conjugated by the help of the Inflectional Terminations.

We have concisely explained and given the reason for the Gender in Hindî Verbs. In Sanskrit the gender is distinguished by the agent but in Hindî, besides the general principle, that words which in Sanskrit are Masculine or Neuter, are Masculine in Hindî ; and those that are Feminine retain their original gender, the gender may be accurately ascertained by the Verb.

In the arrangement and treatment of the Cases we differ from the Hindî Grammarians on certain important points ; as, for instance the unnecessary statement of numbers of rules relating to Sanskrit case-affixes which it is impossible to apply in Hindî. Whilst no substantive in Sanskrit can be employed without the case-affix it is allowed and considered correct to use words in Hindî without a Postposition.

With the exception of Mr. Kellog, scarcely a Grammarian of the Hindî gives due attention to so important a subject as the Compound Words. Not alone in Hindî poetry or prose are numerous instances of these found ; but, even in daily conversation they are freely used. We have been particularly careful in the treatment of them in which the Sanskrit authorities have been our chief guides.

Each rule in the Grammar is supported by numerous colloquial examples ; in the portion where the Compound Words and the Cases have been fully treated the illustrations are entirely from the Râmâyan and Sûr Sâgar.

These and other popular Hindî works are chiefly composed in the various dialects, which differ from one another and the High Hindî more in the grammatical forms than in the syntax of the language.

To put in detail the peculiarities, modifications and exceptions of all the dialects would not alone considerably increase the size of the book, but would confuse and embarrass the scholar on a subject in which we have studied throughout clearness and brevity. The Braj is profusely employed in literature. For the assistance of Hindî Students we have appended to the Hindî Grammar its grammatical forms and especial peculiarities with copious illustrations from the Rajniti and other works. In addition, there is exhibited a list of Hindî phrases and words showing the relation they bear to Prâkrit as well as to the primitive Sanskrit.

It is with much pleasure that we gratefully record our thanks for valuable assistance rendered to us by the learned scholars of the Queen's Sanskrit College, Benares.

In particular we would express our hearty thanks to Professor Śîtalâ Prasâd Tiwarî and to Dâmodar Śâstrî for comments and corrections of the Hindî portion of the manuscript.

Bâboo Kailas Chandra, M. A., an experienced teacher of the Jabalpur College has also favoured us with some useful suggestions in the early part of the work.

In the preparation of the Hindî Grammar we have derived great assistance from the Siddhânta Kaumudî of Bhattojî Dikshita, Mr. Beams' Comparative Grammar of the Aryan Languages of India and Mr. Kellog's Grammar of the Hindi Language.

JABALPUR :
November, 1888.

CONTENTS.

EMENDATIONS.

	Incorrect.	Correct.
6.	Contains of	Contains
12.	Of	Of a
15.	Suppreme	Supreme
17.	Preceeding	Preceding
20.	Difinite	Definite
44.	She looking	She is looking
52.	Prsent	Present
74.	Having completed	Having been completed
75.	present Tense	Present Tense
82.	Indifinite	Indefinite
90.	Ham Hota	Ham hote
128.	Came accidently	Come accidently
	Spoak up	Speak up
	Got up	Get up
	Struck down	Strike down
137.	verbal	Verbal
	Of Act	Of an Act
139.	or	For
	meeter	One who meets
141.	Transative	Transitive
144.	Becomse	Becomes
150.	Its	Theirs
155.	Gardner	Gardener
159.	Heifer	Steer, heifer
163.	हृदै हृदयो	Heart, Hearts
171.	To king	To a king
172.	A	And a
	Following	Above
174.	Curd	Curds
	Faithful wife	A faithful wife
184.	To heart	To a heart

184.	Fault	A fault
	Umson	Unison
198.	Second and First Person	Second and First Persons
210	In the sense of the Past Tense	With a Transitive Verb
223.	Ghe	Ghi
231.	english	English
243.	On	Ou
246.	Irreligion	Without religion
251.	Religions	Religious
255.	Individual	Individuals
264.	Sentence	Sentences
	Prefises	Prefixes
273.	Omitting	Omitting the
274.	Number	Member
276.	A	An
289.	consouant	Consonant
310.	Has gaid	Has said
318.	kind	Third
	Waving half	Waxing half
	high hindi	High Hindi
	Become	Became
	On	one
	To hole	a hole
	He want	He wants
	Ambitions	Ambitious

शुद्धीपत्रम् ॥

अशुद्ध	शुद्ध	पृ०	पं०
लगयाजाताहै	लगायाजाता है	३	१४
वण	वर्ण	५	२०
अर्थक	अर्थ	६	१०
जाते हैं	जाते हैं	१२	१२
पुलि्लंग	पुल्लिङ्ग	२४	२६
उस का अर्थ	वह	२८	१८
मिलावाता है	मिलवाता है	३०	१५
बेचता है	बेचाता है	३१	१७
रखता है	रखाता है	३१	१८
उठहो	उठ, हो	३२	११
रूप	रूप	३३	४
संज्ञा की	संज्ञा के	३५	४
जीतवैया	जितवैया	३६	१
संज्ञा	संज्ञा	३६	२७
ऐकेबदलेयों	इ के आगेयों	४२	१२
जाना	जानना	५१	६
प्रश्नन वाचक	प्रश्न वाचक	५५	६
आधार	आधार	६३	२
होजाते हैं	होजाता है	८२	१४
उर्म्मी	ऊर्म्मी	८३	९
विश्नो	विष्णो	८५	२५
४१५	३१५	८८	२६
जूभझ	जूझ	९८	६
रूंधि	रूंध	९८	८
पिभक्ति	विभक्ति	७३	२५
दुरागत	दूरागत	७८	७
षष्ठि	षष्ठी	७८	८
मीलश्रो	मीलजो	७९	१३
त्रभूवन	त्रिभुवन	८०	१५
उंचा	ऊंचा	७९	१८

भाषा व्याकरण ।

HINDI GRAMMAR

१ जिसके द्वारा लिख वा बोलकर मनुष्य अपने मन के अभिप्राय को प्रकाश करता है वह भाषा कहाती है ।

1. The expression of man's thought whether written or spoken is called Language.

२ जिस शास्त्रसे पदों का ज्ञान (अर्थात् शब्दों में धातु, प्रत्यय, लिङ्ग, वचन, कारक और समास इत्यादि का बोधक) होता है वह व्याकरण कहाता है

2. The science that treats of the laws and principles of a Language and by which we gain a correct knowledge of words (*i. e.* of their root, termination, gender, number, case compound *&c.*) is called Grammar.

३ भाषा वाक्यों से, वाक्य पदों से और पद अक्षरों से बनाये जाते हैं ।

3. Language is composed of sentences, sentences of words, and words of letters.

४ हिन्दी व्याकरण के मुख्य तीन भाग हैं ; १ वर्णविचार, २ शब्दसाधन ३ वाक्यरचनाविचार ।

4. Hindi Grammar is divided into three principal parts ; *viz.* Orthography, Etymology and Syntax

वर्णविचार ORTHOGRAPHY.

५ अक्षर वा वर्ण उन्हें कहते हैं जिन के पहिचानने के लिये आचार्यों ने कुछ चिन्ह बनाये हैं और जिन का कभी विनाश नहीं होता ।

5. Sounds are conventionally represented by certain symbols called *Letters*.

६ हिन्दी वर्णमाला में ५७ वर्ण हैं उनमें से २२ स्वर और ३५ व्यंजन हैं।

6. The Hindi language contains of 57 letters ; of these 22 are Vowels and 35 Consonants.

A Tabular classification of vowels and consonants according to their respective organ of utterance.

		स्वर Vowels Primary Form			मात्रा Secondary	व्यञ्जन Consonants					
		ह्रस्व वा एकमात्रिक Short	दीर्घ वा द्विमात्रिक Long	प्लुत वा त्रिमात्रिक Prolated		ऊष्मा Ushmá	अन्तस्थ Antasth		स्पर्श Sparś	सानुनासिक Nasals.	अनुस्वार (ं)
१ कण्ठ्य	Guttural	अ a	आ â	अ ३ a 3	ा â	ह ha		(:) विसर्ग visarg	क ख ग घ ka kha ga gha	ङ ṅa	कवर्ग Kavarg
२ तालव्य	Palatal	इ i	ई î	इ ३ i 3	ि ी i î	श śa	य ya		च छ ज झ cha chha ja jha	ञ ña	चवर्ग Chavarg
३ मूर्द्धन्य	Cerebral	ऋ ri	ॠ rî	ऋ ३ ri 3	ृ ॄ	ष sha	र ra		ट ठ ड ढ ṭa ṭha ḍa ḍha	ण ṇa	टवर्ग Tavarg
४ दन्त्य	Dental	ऌ lri		ऌ ३ lri 3	ॢ	स sa	ल la		त थ द ध ta tha da dha	न na	तवर्ग Tavarg
५ ओष्ठ्य	Labial	उ u	ऊ ū	उ ३ u 3	ु ू				प फ ब भ pa pha ba bha	म ma	पवर्ग Pavarg
६ कण्ठतालव्य	Gutturo-palatal		ए, ऐ e, ai	ए३ ऐ३ e3, ai3							
७ दन्त्योष्ठ्य	Dento-labials						व va				
८ कण्ठोष्ठ्य	Gutturo-labials		ओ औ o, ou	ओ३ औ३ o,3 ou3							

स्वर VOWELS.

८ जिनके उच्चारण में दूसरे वर्णों की सहायता की अपेक्षा न होवे उन्हें स्वर कहते हैं।

8. A Vowel is that which can be properly pronounced without the help of another letter.

९ अङ्गुष्ठ के मूल की नाड़ी की गति जितने कालमें एकबार होती है उतने काल में ह्रस्व (एक मात्रिक) उस से दूनें काल में दीर्घ (द्विमात्रिक) और उससे तिगुने काल में प्लुत (त्रिमात्रिक) का उच्चारण करना चाहिये।

9. The pronounciation of a short vowel (*eka mátrik*) takes as much time as the beat of the pulse; long vowels(*dvi mátrik*) twice as much: and prolated vowels (*trimátrik*) thrice as much time as the short.

१० हिन्दी भाषा में प्लुत का काम पुकारने, चिल्लाने और रोने में पड़ता है और उसके जानने केलिये स्वर के आगे ३ का अङ्क लगयाजाता है।

10. In the Hindi language the prolated vowels are used only for calling, screaming and crying; and they are recognised by the number 3 following a vowel; as रे३ re3.

११ स्वर जब व्यञ्जन से नहीं मिले रहते तब वे पूर्वोक्त आकारके अनुसार लिखेजाते हैं परन्तु व्यञ्जनों के साथ मिलने से उनका आकार पलट जाता है और उन्हें मात्रा कहते हैं। हिन्दी भाषा में अकार की मात्रा नहीं है क्योंकि ह्रस्व अकारान्त शब्द को हलन्त शब्द कहते हैं। प्रत्येक स्वरों के नीचे उन की मात्रा लिखी हैं।

11. A vowel, when not combined with a consonant is always written in the Primary form; as आम; but when in conjunction with a consonant the Secondary forms called *mátras* are used, as इति, आत्मा As the short अ in Hindi is considered a consonant it, therefore, has no Secondary form. The Secondary form is written below its Primary form.

अ	आ	इ	ई	उ	ऊ	ऋ	ॠ	ऌ	ए	ऐ	ओ	औ
	ा	ि	ी	ु	ू	ृ	ॄ	ॢ	े	ै	ो	ौ

मात्रा सहित व्यञ्जन

Showing how the Secondary form is joined to a consonant.

क क क क क क क क क क क क क

ा ि ी ु ू ृ ॄ ॢ े ै ो ौ

क का कि की कु कू कृ कॄ कॢ के कै को कौ

व्यंजन CONSONANT.

१२ जिन का उच्चारण बिना स्वर के नहीं होता उन्हें व्यंजन कहते हैं।

12. A Consonant cannot be properly pronounced without the help of vowel.

१३ स्वर के ऊपर जो एक बिन्दु है वह अनुस्वार और आगे जो दो बिन्दु हैं वह विसर्ग कहाता है।

13. The Symbol which is placed above a vowel is called *anusvara* (·) and the one before a vowel *visarga* (:)

१४ जिन के बीच में कोई स्वर न हो इस प्रकार के दो वा अधिक हलों को संयुक्त वर्ण कहते हैं और वे एक ही साथ लिखे जाते हैं।

14. When no vowel intervenes between two or more consonants they are said to be in conjunction and they unite into one compound group which is called *sanyukt* Combined Letters, as चिट्ठी a letter. Here the two *thas* are in combination.

१५ प्रायः संयुक्त अक्षरों में व्यञ्जनों का आकार यथावस्थित दिखाई देता है परन्तु क्ष, त्र और ज्ञ इन में नहीं। लिखने में आदि व्यञ्जन का आधा और अंत के व्यञ्जन का पूरा आकार लिखा जाता है।

15. Always in combined letters the form of the consonant is respectively seen except in क्ष *ksha* ; त्र *tra* ; and ज्ञ *jña* ; as

The क्ष is compounded of क् ष्+अ=क्ष

The त्र ,, त् र्+अ=त्र

The ज्ञ ,, ज्ञ्+अ=ज्ञ

But when the Combined Letters are written the half form of the first letter or letters is retained and only the perpendicular stroke omitted ; whilst the complete form of the last

letter remains unchanged ; as परमात्मा Supreme Being.

१६ प्रायः संयुक्त अक्षरों में क, ङ, ट, ठ, ड, इन का आकार पूरा लिखा जाता है।

16. Always when क, ङ, ट, ठ, ड, are in combination they retain their entire form ; as टिड्डी locust.

१७ जब रकार के आगे स्वर रहता है तो आदि व्यञ्जन के नीचे वह इस रूप ्र से लिखाजाता है यदि व्यञ्जन हो तो उसके ऊपर लिखा जाता है और उसे रेफ कहते हैं।

17. When the letter र *r* is followed by a vowel it is written below the preceeding consonant ; as द्रव्य wealth ; ग्राम village. But when followed by a consonant it is written above and called रेफ *reph* ; as धर्म्म religion.

१८ अनुस्वार व्यंजन जब उसके आगे कोई दूसरा व्यंजन रहे तो विकल्प करके अपने उत्तरवर्ती व्यंजन के वर्ग का पंचम वर्ण होकर उसी के साथ लिखा जाता है।

18. The consonant *anusvára* when in conjunction with another consonant, optionally changes into the fifth letter of that class to which the following consonant belongs; as अंग or अङ्ग a limb.

१९ किसी वर्ण के आगे कार प्रत्यय लगाने से वही अर्थ समझाजाता है।

19. When the termination *kár* is joined to any letter, either vowel or consonant, the meaning remains unchanged; as अ the first short vowel and अकार has the same meaning

शब्दसाधन Etymology

२० ऐसेवर्णसमुदाय को शब्दकहते हैं जिस से कोई नियत अर्थनिकले।

20. A Word is a collection of letters so combined as to express a difinite meaning.

२१ व्याकरण में अर्थवान शब्दों का विचार किया जाता है।

21. Grammar treats of those words which bear some meaning

२२ अर्थवान शब्द तीन प्रकार के हैं संज्ञावाचक, क्रियावाचक और विस्मयादिबोधक अव्यय।

22. Words are divided into three Parts of Speech *viz.*, Noun, Verb, and Interjection.

संज्ञा NOUN.

२३ संज्ञा किसी वस्तुके नाम को कहते हैं।

23. A Noun is the name of anything; as घोड़ा a horse.

२४ वह तीन प्रकार की है रूढ़ि, यौगिक और योगरूढ़ि।

24. There are three kinds of nouns; the Primitive; the Derivative and the Derivative Conventional.

२५ रूढ़िसंज्ञा उसे कहते हैं जो अपनी प्रकृति और प्रत्यय आदि के अर्थक को छोड़ किसी एक संकेतित अर्थ का प्रकाशक हो।

25. A Primitive noun (रूढ़ि) conveys only that meaning which conventionally belongs to it and not of its root and termination &c.; as cow from गम् *gam* and ओ *o* its affix which means to move or go—a cow the settled meaning of the word.

२६ योगिकसंज्ञा उसे कहते हैं जो प्रकृति और प्रत्यय आदि अर्थ का प्रकाशक हो।

26 A Derivative noun is that which bears the meaning of its root and termination &c.; as पाठक a teacher: from पठ् to teach + अक its affix = पाठक a teacher.

२७ योगरूढ़ि संज्ञा उसे कहते हैं जो प्रकृति प्रत्यय आदि अर्थ के साथ संकेतित अर्थ को प्रकाश करे।

27. A Derivative Conventional noun is that which bear the meaning of its derivative takes a conventional meaning; as पङ्कज from पङ्क and जन् "to be born." The conventional meaning of पङ्कज is a lotus *i. e.* produced from mud.

२८ उक्त संज्ञावाचकशब्द जातिवाचक, व्यक्तिवाचक और गुणवाचक इस प्रकार से भी कहे जाते हैं।

28 The above nouns are also termed Common noun, Proper noun and Adjectives.

२९ अनेकाव्यक्त्याश्रितशब्द (अर्थात जिन की समान आकृति हो ऐसे

अनेक व्यक्तियों पर आश्रित) को जातिवाचक शब्द कहते हैं।

29. A Common noun is the name applied to any individual member of a class of objects ; as मनुष्यत्व man and his nature.

३० एकव्यक्त्याश्रितशब्द को व्यक्तिवाचक शब्द कहते हैं।

30. A Proper noun designates a particular person or thing ; as गंगा *Gangá*

३१ जो किसी वस्तुके गुण को प्रकाशकरै उसको गुणवाचकशब्द कहतेहैं।

31. An Adjective is a word which describes marks or distinguishes a thing ; as नीलकमल blue lotus.

३२ इन पूर्वोक्त संज्ञावाचकशब्दों के बदले में जिन शब्दों का प्रयोग करते हैं उन्हें सर्वनामशब्द कहते हैं।

32. A Pronoun is a word used instead of any of the above Nouns.

३३ पूर्वोक्त संज्ञावाचकशब्द प्रायः धातुओं से बनाये जाते हैं इस कारण प्रथम धातुओं का जानना आवश्यक है।

33. As the above substantives are always formed from the roots of Verbs it is necessary to treat of Verbs first.

क्रिया VERBS.

३४ क्रिया किसी काम को कहते हैं जैसे करना वा होना इत्यादि यह प्रत्यय, काल, पुरुष, लिङ्ग और वचन के संबन्ध से भिन्न भिन्न होती है।

34. A Verb is a word which affirms what anything does or what is done to it &c. The Hindi verb is inflected by Termination, Time, Person, Gender and Number.

३५ धातु उसे कहते हैं जिस से क्रिया बनाई जाती है।

35. From what a verb is formed is called धातु Root.

३६ हिन्दी भाषा की क्रिया का मूल विशेष करके संस्कृत है।

36. The verbs of the Hindi language are chiefly formed from the Sanskrit.

३७ संस्कृत में क्रिया प्रत्यय से बनाई जाती हैं जो प्रत्यय धातु के आगे

स्थापन किये जाते हैं उन्हें तिङ् प्रत्यय कहते हैं। वे काल, पुरुष और वचन के भेद से बहुविध हैं।

37. The Sanskrit terminations which are used for the formation of Sanskrit verbs are called तिङ् Inflectional Terminations; and owing to the many Tenses, Persons and Numbers there are various Inflectional Terminations.

३८ कृत प्रत्यय उसे कहते हैं जिन्हें धातु के आगे लगाकर शब्द बनाते हैं। वे शब्द कभी कर्त्ता के विशेषण, कभी कर्म के विशेषण और कभी भावमात्र के बोधक होते हैं।

38. कृत् Affixes (Verbal affixes) are those which are added to verbs for the formation of words. Words formed by means of the कृत् affixes are of three kinds that which denotes an Agent, an Object, or a Condition.

३९ कर्त्ता उसे कहते हैं जिस के अधीन व्यापार रहता है।

39. The Nominative is the doer of an action.

४० कर्म उसे कहते हैं जो क्रिया के फल का आश्रय है।

40. The Object is that to which something is done.

४१ भाव उस व्यापार को कहते हैं जो धातु से दिखायाजाता है।

41. Condition denotes the action itself (which the Verb imports.)

४२ वर्त्तमानकाल प्रथम पुरुष एक वचन में कृ धातु का रूप "करोति" होताहै इसका अर्थ यहहै कि वह करताहै। इसके बदले कृदन्तशब्द घटित कुर्वन्नस्ति इस वाक्य का भी प्रयोग करते हैं, उसका अर्थ है करता हुआ है, यहां हुआ यह है की पुनरुक्ति है और कुछ नहीं। कुर्वत् संस्कृत में यों बनाया जाता है कृ+उ+अत्=कुरु+अत्=कुर्वत् केवल इस का अर्थ है करता हुआ इसके कहने से आकांक्षा पूरी नहीं होती इसलिये अस्तिक्रिया लगाई जाती है तब अर्थ होताहै करता हुआ है।

42. The Present Tense, Third Person, Singular of the verb कृ is करोति "he is doing." Instead of करोति we may also use कुर्वन्नस्ति *kartā huá hai* "he *is is* doing." In this sentence *huá* is merely a repetition of *hai*. The Sanskrit word कुर्वत् is

thus formed कृ + उ + अत् = कुरु + अत् = कुर्वत्, doing. By its use the sense remains incomplete, therefore, the verb अस्ति "is" is added to कुर्वत् thus forming कुर्वन्नस्ति he is doing.

४३ अब ध्यानदेना चाहिये कि जो हिन्दी भाषा की क्रिया जैसा करता है, पकाता है, जाता है इत्यादि हैं उन केलिये संस्कृत में केवल क्रिया और कृदन्तशब्द घटित वाक्य आते हैं। करता है इस केलिये करोति वा कुर्वन्नस्ति, पकाता है इस केलिये पचति वा पचन्नस्ति इत्यादि।

43. There are two ways of expressing in Sanskrit the verbs of the Hindi language. Thus करता है "he is doing" may be expressed in Sanskrit करोति or कुर्वन्नस्ति "he is doing" and पकाता है "he is cooking" पचति or पचन्नस्ति „ he is cooking" &c.

४४ यद्यपि हिन्दी भाषा की क्रिया केलिये संस्कृत में क्रिया और वाक्य हैं तथापि उन दोनों का प्रयोग नहीं करसकते क्योंकि हिन्दी भाषा की क्रिया में लिङ्ग होता है संस्कृत में नहीं इसकारण यह शतृप्रत्ययान्त शब्द का अनुवाद कर बनाई जाती है, पुलिङ्ग शब्द से पुल्लिङ्ग क्रिया और स्त्रीलिङ्ग शब्द से स्त्रीलिङ्ग क्रिया।

44. Although we have said above that *Hindî* verbs can be expressed in two ways in Sanskrit yet, on account of *Hindî* verbs having gender, both of them cannot be used. Owing to this *Hindî* verbs (the masculine from the Sanskrit masculine nouns and the feminine from the feminine nouns) are formed from the Sanskrit शतृप्रत्यय one of the sets of verbal affixes.

कुर्वन्नस्ति करता है he is doing कुर्वत्यस्ति करती है she is doing
पचन्नस्ति पकाता है he is cooking पचन्त्यस्ति पकाती है she is cooking
गच्छन्नस्ति जाता है he is going गच्छन्त्यस्ति जाती है she is going
पश्यन्नस्ति देखता है he is looking पश्यन्त्यस्ति देखती है she looking

४५ तो अब निश्चय हुआ कि हिन्दीभाषा की क्रिया में शतृप्रत्ययान्त शब्द का अनुवाद धात्वंश और अस् धातु की क्रिया का अनुवाद तिङ् प्रत्ययांश है।

45. There are two parts in a Hindi verb; the first corresponding with the Sanskrit word ending in the termination शतृ and the Inflectional Termination corresponding with the असधातु।

४६ हिन्दी भाषा की जो धातु हैं उन के एकबचन पुलिङ्ग में ता, स्त्री-लिङ्ग में ती, बहुबचन पुल्लिङ्ग मे ते, स्त्री लिङ्ग में ती, सामान्यवर्तमानकाल, संदिग्धवर्तमानकाल, हेतुहेतुमद्भूत और अपूर्णभूत में लगाये जाते हैं। वे केवल शतृप्रत्यय के अनुवाद हैं।

46. The masculine, singular *tá*, feminine, *ti*, and the plural masculine *te*, feminine *tín* of Hindi Verbs in the Present Tense, Presumptive Imperfect, Indefinite Imperfect and Past Imperfect, is the *śatripratyaya*.

४७ भूतकाल, वर्तमानभूत और संदिग्धभूत में किसी धातु के साथ शतृप्रत्ययान्त ता को या, किसी के साथ आ और किसी के साथ लोप हो जाता है परन्तु जिस के साथ लोप हो जाता है उसके अन्तस्वर को विकार होता है।

पुल्लिङ्ग		स्त्री लिङ्ग	
एकबचन,	बहुबचन	एकबचन	बहुबचन
या *yá*	ये *ye*	यी *yí*	यीं *yín*
आ *á*	ए *e*	ई *í*	ईं *ín*

47. In the Past Tense, Present Perfect and Presumptive Perfect the *tá* of some verbs changes into *yá* and of others into *á*. In some verbs the *t* is suppressed and its last vowel undergoes a change.

४८ प्राय: हिन्दी भाषा में हो धातु को हु दे को दि ले को लि भूतकाल, वर्तमानभूत और असंदिग्धभूतकाल में आदेश होता है॥

48. Only three verbs change their form in the Past Tense. Present Perfect, and Presumptive Perfect; thus *ho* bcomes *hu*; *de* becomes *di* and *le* becomes *li*.

४९ भविष्यकाल के दोनों लिङ्ग दोनों बचन तीनों पुरुष में शतृप्रत्ययान्त ता का लोप होता है किसी२धातु के अन्त स्वर में विकार भी होता है।

49. In the Future Tense the *tá* is not used at all for either the Masculine or Feminine verbs and in some verbs of the Future Tense the last vowel undergoes a change.

५० बहुधा आज्ञादिसूचकविधि और संभावनार्थकविधिकाल में दोनों लिङ्ग दोनों बचन और तीनों पुरुष में शतृप्रत्ययान्त ता का लोप होता है और उन धातुओं के अन्त स्वर में विकार होता है।

50. In the singular and plural of the Imperative and in both the genders of the aorist the *tá* is suppressed and the last vowel undergoes a change; as from the root *kar* the Imperative is neither *kartá* nor *kar* but *kare.*

५१ अब सिद्ध हुआ कि हिन्दीभाषा में तिङ्प्रत्यय के बदले अस् धातु का प्रयोग लगाया जाता है वे नीचे यथाक्रम से लिखे हैं।

51. It is now shown that instead of the Sanskrit Inflectional Terminations (तिङ् प्रत्यय) the verb *to be* (अस् धातु) is employed for the conjugation of Hindi verbs.

The various Inflectional Terminations of the verb *to be* are respectively given below.

प्रत्यय विचार INFLECTIONAL TERMINATIONS.

५२ वर्तमानकाल 52. Present Tense.

पुंल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग एकवचन Feminine-singular.		पुंल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग बहुवचन Feminine-plural.	
1 है	है	is	1 हैं	हैं	are
2 है	है	art	2 हो	हो	are
3 हूं है	हूं	am	3 हैं	हैं	are

सकर्मक क्रिया के आगे वर्तमानभूत में हूं के बदले है लगाया जाता है।
In the Prsent Perfect of Transitive verbs instead of हूं है is used.

५३ अपूर्णभूतकाल 53 Past Imperfect.

पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग एकवचन Feminine singular.		पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग बहुवचन Feminine plural.	
1 था	थी	was	1 थे	थीं	were
2 था	थी	wast	2 थे	थीं	were
3 था	थी	was	3 थे	थीं	were

५४ संदिग्धभूतकाल 54 Presumptive Perfect.

पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग एकवचन Feminine singular.		पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग बहुवचन Feminine-plural.	
1 होगा	होगी	may be	1 होवेंगे	होवेंगी	may be
2 होगा	होगी	mayest be	2 होगे	वा होओगी होओगी	may be
3 हूंगा	हूंगी	may be	3 होवेंगे	होवेंगी	may be

५५ संदिग्धवर्तमान 55 Presumptive Imperfect.

पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग एकवचन Feminine-singular.		पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग बहुवचन Feminine plural.	
1 होगा	होगी	shall be	1 होवेंगे	होवेंगी	shall be
2 होगा	होगी	wilt be	2 होगे,होओगेहोओगी		will be
3 होऊंगा	होऊंगी	shall be	3 होंवे	होंगी	shall be

५६ भविष्य काल 56 Future.

पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग एकवचन Feminine singular	
1 गा-वेगा	गी-वेगी होगी	shall or will
2 गा-वेगा	गी-वेगी-होगी	shalt or wilt
3 गा-ऊंगा	गी ऊंगी	shall or will

पुल्लिङ्ग Masculine.	स्त्रीलिङ्ग बहुवचन Feminine plural.	
1 गे-वेंगे	गी-वेंगी होंगी	shall or will
2 गे-ओगे	गी-ओगी-होऊंगी	shall or will
3 गे-वेंगे	गी-वेंगी	shall or will

५७ सामान्यवर्तमानकाल के प्रत्यय वर्तमानभूत के आगे लगाये जाते हैं।

57. The Inflectional Terminations of the Present Tense are used in both genders of the Present Perfect.

५८ अपूर्ण भूतकाल के प्रत्यय भूतकाल के आगे विकल्प करके लगाये जाते हैं।

58. The Inflectional Terminations of the Past Imperfect are optionally used in the Past Tense.

५६ अपुर्णभूतकाल के प्रत्यय भूतकाल के आगे लगाने से यह प्रगट होता है कि कार्य्य के हुए बहुत दीन हुआ।

59. By employing the termination *tha* with the Past Tense it denotes that the action was completed a long time ago.

६० हेतुहेतुमद्भूतकाल के आगे प्रत्यय लगाये नहीं जाते हैं।

60. No Inflectional Terminations are used in the Indefinite Imperfect.

६१ आज्ञासूचकविधिकाल में, हो, खा, पी, सो, जा, गा, ले, दे, बो और सी धातु के आगे ये प्रत्यय लगाये जाते हैं।

61. In the Imperative of to be, to eat, to drink, to sleep, to go, to sing, to take, to give, to sow and to sew the following terminations are used.

पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग — MASCULINE AND FEMININE.

एकवचन singular	बहुवचन plural
1 य	1 यं
2—none	2—none
3 ऊं	3 वें

६२ सम्भावनार्थकविधिकाल में पूर्वोक्त धातुओं के आगे ये प्रत्यय लगाये जाते हैं॥

62. In the Subjunctive of the above verbs the following terminations are used.

1 वे	1 वें
2 वे	2 —
3 ऊं	3 वें

दूसरा प्रकार

६३ हिन्दी भाषा की क्रिया में लिङ्ग होने कामुख्य कारण यह है कि संस्कृत में लिङ्ग ज्ञान कर्तृपद से होता है जैसा सः सगच्छति, इस उदाहरण से जाना जाता है कि मनुष्य जाता है। सागच्छति, से स्त्री को प्रतीति होती है। भाषा में कर्तृपद से ऐसी प्रतीति नहीं होती क्योंकि उस में दोनों लिङ्ग केलिये कर्तृपद एकही रहता है जैसा वह जाता है, वह जाती है, तो यह जानो कि वही प्रतीति भाषा में क्रिया से होती है और इसी कारण क्रिया में लिङ्ग होता है। यदि क्रिया में लिङ्ग न होता तो यह ज्ञान नहीं होता की यह वाक्य स्त्री वा पुरुष से कहा गया है।

63 Another reason for Hindi Verbs having gender is that in Sanskrit the gender is distinguished by the Kartripada, doer. As by the example सः गच्छति sa gachchhati we understand the man is going ; सा गच्छति, sa gachchhati ; the woman is going. But it is not so in the Hindi language. For both the masculine and feminine we say. '*wah játá hai* and *wah jatí hai*.

In this the gender is not distinguished by the Nominative or doer but by the Verb.

Thus, it has been shown that the gender in Sanskrit is known by the Kartripada and that in Hindi by the Verb.

If it was not distinguished by the Verb it would be impossible to tell the gender of the person speaking or doing.

६४ धातु दो प्रकार के हैं सकर्मक और अकर्मक।

64. Verbs are divided into two classes. Transitive and Intransitive.

६५ सकर्मक धातु उसे कहते हैं जिस को कर्म है।

65. In the Transitive verb the action passes from the doer

to an object as उसने पुस्तक को फाड़ा *usne pustaka ko phârhâ*—he tore the book.

६६ अकर्मक उसे कहते हैं जिस को कर्म नहीं रहता।

66. In the Intransitive verb the action is confined to the doer as; वह सोता है *wah sotâ hai* he is sleeping

६७ जो क्रिया हिन्दी भाषा में बनाई जाती हैं उन में से कोई कर्तृ-प्रधान, कोई कर्मप्रधान और कोई भावप्रधान होती हैं।

67. Some of the Hindi verbs are कर्तृप्रधान, marking the Agent, some कर्मप्रधान, marking the Object, and some भावप्रधान marking the Condition.

६८ सकर्मक धातु से कर्तृप्रधान और कर्मप्रधान क्रिया बनाई जाती है

68. From Transitive roots कर्तृप्रधान and कर्मप्रधान verbs are formed.

६९ अकर्मकधातु से भावप्रधान क्रिया बनाई जाती है।

69. From Intransitive roots the भावप्रधान verb is formed.

७० सकर्मक धातु 70. Transitive Root.

कर्तृप्रधान marking the Agent	कर्मप्रधान marking the Object.
राम साधुओं को बचाता है	साधु राम से बचाये जाते हैं।
Râma protects the wisemen	The wisemen are being protected by *Râma*
किसान खेत काटता है	खेत किसान से काटा जाता है।
The farmer mows the field.	The field is being mowed by the farmer
घोड़े घास खाते हैं	घास घोड़े से खाई जाती है।
Horses eat grass	The grass is being eaten by the horses

७१ अकर्मक धातु 71 Intransitive Root.

भावप्रधान marking the Condition.

होना to be	लजाना to be ashamed.
सोना to sleep.	पकाना to cook.

७२ जब कर्मप्रधान वाक्य में क्रिया के साथ कर्त्ता की आवश्यकता होवे तो उसे करण कारक के चिन्ह के साथ लाओ।

72 In a कर्मप्रधान sentence the nominative of the active verb takes the postposition से।

७३ काल तीन प्रकार के हैं भूत, वर्त्तमान और भविष्य।

73. Tense expresses the time when an action is performed It is divided into three divisions—the Past, the Present and the Future.

७४ जो वर्तमान से पूर्व होगया उसे भूत कहते हैं। जैसा मैंने लिखाथा

74. The Past Tense refers to an action having completed before the present time; as I wrote.

७५ जो होरहाहै उसे वर्तमान कहते हैं। जैसा मैं लिखता हूं।

75. The present Tense denotes an action that is happening just now; as I am writing.

७६ जो भावी अर्थात् होने वाला है उसे भविष्य कहते हैं। जैसे मैं लिखूंगा।

76. The Future Tense denotes an action that is to take place; as I will write.

७७ आज्ञादिसूचकविधि उसे कहते हैं जिस से विध्यादिक अर्थ अवश्य प्रकाश हों ये विध्यादिक अर्थ हैं। आज्ञाकरना, भोजन कराने का आदेश, किसी की इच्छा में संमति देना, आदर पूर्वक प्रेरणा, किसी उचित वा अनुचित काम का निर्णय करना और प्रार्थना। जैसे वह पूजा करे तुम यहां खाओ, उसके पूर्व आप यह करें, बालक को पढ़ाइये, कहिये मैं वेद या शास्त्र पढ़ूं, मुझे अवकाश दो।

77. With words expressing command, direction, invitation, expression of wish, enquiry and entreaty the Imperative is used, as (1) Let him worship; (2) Let him eat in this place; (3) Let your honour do this before that. (4) Let your honour teach the boy; (5) I pray you, tell me shall I read the Veda or study logic? (6) Give me leave.

७८ संभावनार्थकविधि उसे कहते हैं जिस से आज्ञा की दृढ़ता नहीं समझी जाती और यह भी पूर्वोक्त विध्यादिक अर्थ में होती है। जैसा कदाचित् मैं जाऊं।

78. Excepting command, with words expressing the sense of those mentioned in the Imperative, the Subjunctive is used ; as, If I go.

७९ यह विधि आशीर्वाद अर्थ में भी होती है। इसका रूप सम्भावनार्थकविधि के समान होता है।

79. When the sense is that of benediction 'the Subjunctive is also used ; as वह विजई होवे as, May he be prosperous.

८० जो व्यापार भूतकालमें आरंभ होकर वर्तमानकाल में समाप्त होता है उसे वर्तमानभूत (आसन्न भूत) कहते हैं॥ जैसा उसने पढ़ा है।

80. The Present Perfect denotes that the action begun in the past has just been completed ; as, He has read.

८१ भूतकाल में जिस क्रिया की पूर्णता न होजाय उसे अपूर्णभूत कहते हैं। जैसा जब मैं लिखता था तब मैंने एक पत्र पाया।

81. The Past Imperfect denotes the continuation of an action when another action takes place ; as, I was writing when I received a letter.

८२ जिस से कार्यकारण भाव और क्रिया की असिद्धि ज्ञात हो उसे हेतुहेतुमद्भूत कहते हैं। जैसा यदि मैं होता तो कार्य नाश न होता।

82. When the relation of cause and effect as well as the non-completion of the action is to be understood the Indifinite Imperfect is used ; as, Had I been present the work would not have been destroyed.

८३ संदिग्धभूत उसे कहते हैं जिससे भूतकालिक क्रिया की संभावना पाई जाय। जैसा मैं ने दिया होगा।

83. When there is probability expressed in an action that has happened the Presumptive Perfect is used ; as, I must have given.

८४. संदिग्धवर्तमान कालिक क्रिया से कार्य्य का संदेह जाना जाता है। जैसा जब तुम आओगे मैं पढ़ता होऊंगा।

84. When there is probability expressed in an action still going on the Presumptive Imperfect is used; as, When you come I may be reading.

हो—*ho*—be

८५ भूतकाल 85. PAST IMPERFECT—I was or became.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह हुआ था	wah hua or tha	1 वे हुए थे	we hue the
2 तु हुआ था	tu hua or tha	2 तुम हुए थे	tum hue the
3 मैं हुआ था	main hua or tha	3 हम हुए थे	hum hue the

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह हुई थी	wah hui thi	1 वे हुईं थीं	we huin thin
2 तु हुई थी	tu hui thi	2 तुम हुईं थीं	tum huin thin
3 मैं हुई थी	main hui. thi	3 हम हुईं थीं	ham huin thin

८६ वर्तमानकाल 86 PRESENT PROGRESSIVE—I am being or becoming

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होता है	wah hota hai	1 वे होते हैं	we hote hain
2 तु होता है	tu hota hai	2 तुम होते हो	tum hote ho
3 मैं होता हूं	main hota hun	3 हम होते हैं	ham hote hain

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होती है	wah hoti hai	1 वे होतीं हैं	we hotin hain
2 तु होती है	tu hoti hai	2 तुम होतीं हो	tum hotin ho

3 मैं होती हूं main hoti hun 3 हम होतीं हैं ham hotin hain

८७ भविष्यकाल 87. Future Tense—I shall be

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होवेगा	wah hovega	1 वे होवेंगे	we hovenge
2 तु होवेगा	tu hovega	2 तुम होवोगे	tum hovoge
3 मैं होऊंगा	main hounga	3 हम होवेंगे	ham hovenge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होवेगी	wah hovegi	1 वे होवेंगी	we hovengi
2 तु होवेगी-होगी	tu hovegi-hogi	2 तुम होवोगी	tum hovogi
3 मैं होऊंगी	main houngi	3 हम होवेंगी	ham hovengi

८८ वर्तमानभूत 88. Present Perfect—I was or have become.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह हुआ है	wah hua hai	1 वे हुए हैं	we hue hain
2 तु हुआ है	tu hua hai	2 तुम हुए हो	tum hue ho
3 मैं हुआ हूं	main hua hun	3 हम हुए हैं	ham hue hain

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह हुई है	wah hui hai	1 वे हुई हैं	we hui hain
2 तु हुई है	tu hui hai	2 तुम हुई हो	tum hui ho
3 मैं हुई हूं	main hui hun	3 हम हुई हैं	ham hui hain

८९ अपूर्णभूत 89. Past Imperfect—I was being or becoming

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होता था	wah hota tha	1 वे होते थे	we hote the

2 तु होता था	tu hota tha	2 तुम होते थे	tum hote the
3 मैं होता था	main hota tha	3 हम होथे थे	ham hote the

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह होती थी	wah hoti thi	1 वे होतीं थीं	we hotin thin
2 तु होती थी	tu hoti thi	2 तु होतीं थीं	tu hotin thin
3 मैं होती थी	main hoti thi	3 हम होतीं थीं	ham hotin thin

९० हेतुहेतु मद्भूतकाल 90. Indefinite Imperfect—I would be, had been, had I been.

पुंल्लिङ्ग—Masculine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह होता	wah hota	1 वे होते	we hote
2 तु होता	tu hota	2 तुम होते	tum hote
3 मैं होता	main hota	3 हम होते	ham hota

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह होती	wah hoti	1 वे होतीं	we hotin
2 तु होती	tu hoti	2 तुम होतीं	tum hotin
3 मैं होती	main hoti	3 हम होतीं	ham hotin

९१ संदिग्धभूत 91. Presumptive Perfect—Imust have been

पुंल्लिङ्ग—Masculine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह हुआ होगा	wah hua hoga	1 वे हुए होवेंगे	we hue hovenge
2 तु हुआ होगा	tu hua hoga	2 तुम हुए होगे-होओगे	tum hue hoge hovoge
3 मैं हुआ होगा	main hua hoga	3 हम हुए होवेंगे	ham hue hovenge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
वह हुई होगी	wah hui hogi	1 वे हुई होंगी	we hui hongi

2 तु हुई होगी tu hui hogi 2 तुम हुई होगी-होओगी tum hui hogi hovogi
3 मैं हुई हूंगी main hui hungi 3 हम हुई होंगी ham hui hongi

९२ संदिग्धवर्तमान 92. PRESUMPTIVE IMPERFECT—I must be doing

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होता होगा	wah hota hoga	1 वे होते होंगे	we hote honge
2 तु होता होगा	tu hota hoga	2 तुम होते होंगे	tum hote honge
3 मैं होता होऊंगा	main hota hounga	3 हम होते होंगे	ham hote honge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होती होगी	wah hoti hogi	1 वे होती होंगी	we hoti hongi
2 तु होती होगी	tu hoti hogi	2 तुम होती होंगी	tum hoti hongi
3 मैं होती होऊंगी	main hoti houngi	3 हम होती होंगी	ham hoti hongi

९३ दृढ़ताबोधकविधि 93. IMPERATIVE—Let me be.

पुल्लिङ्ग—Masculine—और स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होय	wah hoya	1 वे होंयं	we honya
2 तु हो	to ho	2 तुम हो	tum ho
3 मैं होऊं	main houn	3 हम होवें	ham hoven

९४ संभावनाविधि 94. AORIST—I may be, I shall be, I am.

पुल्लिङ्ग—Masculine—और स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह होवे	wah hove	1 वे होवें	we hoven
2 तु होवे	tu hove	2 तुम हो	tum ho
3 मैं होऊं	main houn	3 हम होवें	ham hoven

चल—*chal*—go

९५ भूतकाल 95. PAST TENSE—I was going &c.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चला था	wah chala tha	1 वे चले थे	we chale the
2 तु चला था	tu chala tha	2 तुम चले थे	tum chale the
3 मैं चला था	main chala tha	3 हम चले थे	ham chale the

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चली थी	wah chali thi	1 वे चलीं थीं	we chalin thin
2 तु चली थी	tu chali thi	2 तुम चली थी	tum chali thin
3 मैं चली थी	main chali thi	3 हम चलीं थीं	ham chalin thin

९६ वर्तमानकाल 96. PRESENT PROGRESSIVE—I am going.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलता है	wah chalta hai	1 वे चलते हैं	we chalte hain
2 तु चलता है	tu chalta hai	2 तुम चलते हो	tum chalte ho
3 मैं चलता हूं	main chalta hun	3 हम चलते हैं	ham chalte hain

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलती है	wah chalti hai	1 वे चलतीं हैं	we chaltin hain
2 तु चलती है	tu chalti hai	2 तुम चलती हो	tum chalti ho
3 मैं चलती हूं	main chalti hun	3 हम चलती हैं	ham chaltin hain

९७ भविष्यकाल 97. FUTURE TENSE—I shall go.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलेगा	wah chalega	1 वे चलेंगे	we chalenge

2	तु चलेगा	tu chalega	2	तुम चलोगे	tum chaloge
3	मैं चलूंगा	main chalunga	3	हम चलेंगे	ham chalenge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular			बहुवचन—Plural		
1	वह चलेगी	wah chalegi	1	वे चलेंगी	we chalengi
2	तु चलेगी	tu chalegi	2	तुम चलोगी	tum chalogi
3	मैं चलूंगी	main chalungi	3	हम चलेंगी	ham chalengi

९८ वर्तमानभूत 98. Present Perfect—I have gone.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular			बहुवचन—Plural		
1	वह चला है	wah chala hai	1	वे चले हैं	we chale hain
2	तु चला है	tu chala hai	1	तुम चले हो	tum chale ho
3	मैं चला हूं	main chala hun	3	हम चले हैं	ham chale hain

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

1	वह चली है	wah chali hai	1	वे चलीं हैं	we chalin hain
2	तु चली है	tu chali hai	2	तुम चली हो	tum chali ho
3	मैं चली हूं	main chali hun	3	हम चलीं हैं	ham chalin hain

९९ अपूर्णभूत 99. Past Imperfect—I was going.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular			बहुवचन—Plural		
1	वह चलता था	wah chalta tha	1	वे चलते थे	we chalte the
2	तु चलता था	tu chalta tha	2	तुम चलते थे	tum chalte the
3	मैं चलता था	main chalta tha	3	हम चलते थे	ham chalte the

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

1	वह चलती थी	wah chalti thi	1	वे चलतीं थीं	we chaltin thin
2	तु चलती थी	tu chalti thi	2	तुम चलतीं थीं	tum chaltin thin
3	मैं चलती थी	main chalti thi	3	हम चलती थी	ham chalti thi

१०० हेतुहेतु मद्भूतकाल 100. INDEFINITE IMPERFECT—I would go. (I had gone, had I gone.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलता	wah chalta	1 वे चलते	we chalte
2 तु चलता	tu chalta	2 तुम चलते	tum chalte
3 मैं चलता	main chalta	3 हम चलते	ham chalte

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलती	wah chalti	1 वे चलतीं	wah chaltin
2 तु चलती	tu chalti	2 तु चलतीं	tu chaltin
3 मैं चलती	main chalti	3 हम चलतीं	ham chaltin

१०१ संदिग्धभूत 101. PRESUMPTIVE PERFECT—I must have gone.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चला होगा	wah chala hoga	1 वें चले होंगे	we chale honge
2 तु चला होगा	tu chala hoga	2 तुम चले होगे	tum chale hoge
3 मैं चला हूंगा	main chala hunga	3 हम चले होंगे	ham chale honge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चली होगी	wah chali hogi	1 वे चली होंगी	we chali hongi
2 तु चली होगी	tu chali hogi	2 तुम चलीं होगी	tum chali hongi
3 मैं चली हूंगी	main chali hungi	3 हम चली होंगी	ham chali hongi

१०२ संदिग्धवर्तमान---102. PRESUMPTIVE IMPERFECT—I must be (going.

पुल्लिंग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलता होगा	wah chalta hoga	1 वे चलते होंगे	we chalte honge

2 तु चलता होगा tu chalta hoga 2 तुम चलते होगे tum chalte hoge
3 मैं चलता होऊंगा main chalta hounga 3 हम चलते होंगे ham chalte honge

स्त्रीलिंग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चलती होगी	wah chalti hogi	1 वे चलती होंगी	we chalti hongi
2 तु चलती होगी	tu chalti hogi	2 तुम चलती होगी	tum chalti hogi
3 मैं चलती होऊंगी	main chalti houngi	3 हम चलती होंगी	ham chalti hongi

१०३ दृढ़ताबोधकविधि 103 Imperative—Let me go.

पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग—Masculine and Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
2 वह चले	wah chale	1 वे चलें	we chalen
1 तु चल	tu chal	2 तुम चलो	tum chalo
3 मैं चलूं	main chalun	3 हम चलें	ham chalen

१०४ सम्भावनाविधि 104 Aorist—I go, I may go, I shall go.

पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग—Masculine and Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह चले	wah chale	1 वे चलें	we chalen
2 तु चले	tu chale	2 तुम चलो	tum chalo
3 मैं चलूं	main chalun	3 हम चलें	ham chalen

दे—*de*—give

१०५ भूतकाल 105 Past Tense—I was giving &c.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 उसने दिया था	usne diya tha etc.	1 वे दिये थे	we deye the etc.

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 उसने दियी थी	usne deyi thi	1 वे दियीं थीं	we diyin thin
etc.		etc.	

१०६ वर्तमानकाल 106 PRESENT PPROGRESSIVE—I am giving.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देता है	wah deta hai	1 वे देते हैं	we dete hain
etc.		etc.	

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देती है	wah deti hai	1 वे देतीं हैं	we detin hain
etc.		etc.	

१०७ भविष्यकाल 107 FUTURE TENSE.—I shall give.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देवेगा	wah devega	1 वे देवेंगे	we devenge
2 तु देवेगा	tu devega	2 तुम देओगे	tum deoge
3 मैं देऊंगा	main deunga	3 हम देवेंगे	ham devenge

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देवेगी	wah devegi	1 वे देवेंगी	we devengi
2 तु देवेगी	tu devegi	2 तुम देओगी	tum deogi
3 मैं देऊंगी	main deungi	3 हम देवेंगी	ham devengi

१०८ वर्तमानभूत 108 PRESENT PERFECT—I have given.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 उसने दिया है	usne diya hai	1 वे दिये हैं	we diye hain

2 तुने, तुमने दिया है tune, tumne diya hai 2 तुम दिये हो tum diye ho
3 मैंने दिया है maine diya hai 3 हम दिये हैं ham diye hain

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 उसने दियी है	usne diyi hai	1 वे दियीं हैं	we diyin hain
etc.		etc.	

१०९ अपूर्णभूत 109 Past Imperfect—I was giving.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह देता था	wah deta tha	1 वे देते थे	we dete the
etc.		etc.	

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह देती थी	wah deti thi	1 वे देतीं थीं	we detin thin
etc.		etc.	

११० हेतुहेतुमद्भूत 110 Indefinite Imperfect—I would give I had given—had I give.

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह देता	wah deta	1 वे देते	we dete
etc.		etc.	

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 वह देती	wah deti	1 वे देतीं	we detin
etc.		etc.	

१११ संदिग्धभूत 111 Presumptive Perfect—I must have given

पुल्लिङ्ग—Masculine.

एकबचन—Singular		बहुबचन—Plural	
1 उसने दिया होगा	usne diya hoga	1 वे दिये होंगे	we diye honge
etc.		etc.	

स्त्रीलिङ्ग—Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 उसने दियी होगी	usne diyi hogi	1 वे दियीं होंगी	we diyin hongi
	etc.		etc.

११२ संदिग्धवर्तमान 112 PRESUMPTIVE IMPERFECT—I must be giving.

पुल्लिङ्ग—Masculine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देता होगा	wah deta hoga	1 वे देते होंगे	we dete honge
	etc.		etc.

स्त्रीलिङ्ग—Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देती होगी	wah deti hogi	1 वे देतीं होंगी	we detin hongi
	etc.		etc.

११३ दृढ़ताबोधक विधि 113 IMPERATIVE—Let me give.

पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग—Masculine and Feminine.

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देवे	wah deve	1 वे देवें	we deven
2 तु दे	tu de	2 तुम दो	tum do
3 मैं देऊं	main deun	3 हम देवें	ham deven

११४ सम्भावनाविधि—114 AORIST.—I give, I may give, I shall give

पुल्लिङ्ग और स्त्रीलिङ्ग—Masculine and Feminine

एकवचन—Singular		बहुवचन—Plural	
1 वह देवे	wah deve	1 वे देवें	we deven
2 तु देवे	tu deve	2 तुम देओ	tum deo
3 मैं देऊं	main deun	3 हम देवें	ham deven

११५ कर्मवाचकक्रिया में कर्ता तृतीयान्त और कर्म प्रथमान्त रहता है,

115. In the Passive the Nominative is put in the Instrumental case and the object of the Active Verb becomes the Nominative of the Passive.

११६ उसके बनाने की यह रीति है कि मुख्य धातु की भूतकालिक क्रिया के आगे जा धातु के रूपों को काल पुरुष लिङ्ग और बचन के अनुसार लगाते हैं।

116. A Verb is conjugated passively by adding, according to the respective Tense, Person, Gender, and Number the various forms of the root जा, to go, to the Past Tense of a verb.

११७ हिन्दी भाषा में कर्मवाचक क्रिया का प्रयोग बहुत कम होता है।

117. In the Hindi language the Passive voice is not much used; as, मैं ने पत्र लिखा I wrote the letter मुझसे पत्र लिखा गया the letter was written by me

मैं कपड़ा सीती हूं I sew a garment. मुझसे कपड़ा सीया जाता है the garment is being sewed by me.

वह काम करेगी She will do the work उससे काम किया जायगा the work will be done by her.

११८ जो जा धातु का रूप मुख्य धातु के आगे लगाते हैं उसका अर्थ संस्कृत में कर्मप्रत्यय ही से निकलता है।

118. The verb जा which is used with other verbs to form the Passive Verb, bears the same meaning as the Sanskrit कर्मप्रत्यय Passive voice.

प्रेरणार्थक क्रिया—CAUSAL VERBS.

११९ प्रेरणार्थक क्रिया उसे कहते हैं जिससे करानेवाले का व्यापार अर्थात् प्रेरणा समझी जाती है।

119. The Causal verb expresses direct action of the Agent.

१२० जो हिन्दी व्याकरण के कर्ताओं ने लिखा है कि अकर्मक क्रिया से सकर्मक और उससे प्रेरणार्थक बनती हैं, यह नियम संस्कृत से विरुद्ध है। क्योंकि संस्कृत में अकर्मक और सकर्मक दोनों से प्रेरणा-

